# सात दिन में 27 हजार छोटे उद्यमियों का पंजीकरण

लखनऊ। छोटी इकाइयों के पंजीकरण के लिए छेड़े गए महाअभियान ने आधा सफर पूरा कर लिया है। इस दौरान 27 हजार सूक्ष्म उद्यमियों का पंजीकरण हो गया है। हालांकि लक्ष्य दस लाख उद्यमियों के पंजीकरण का है। 1 से 15 जून तक दस लाख इकाइयों के पंजीकरण होना है। सात दिन बीतने के बाद 27 हजार उद्यमियों ने पंजीकरण कराया है। अयोध्या मंडल में 45 हजार लक्ष्य के सापेक्ष 1300, कानपुर मंडल में 82500 के सापेक्ष 2300, लखनऊ मंडल एक लाख के सापेक्ष 1900, गोरखपुर मंडल में 40 हजार के सापेक्ष 1500 उद्यमियों ने पंजीकरण कराया है। ब्यूरो